संख्या :- 3061 /सोलह-1-2016-11(6)/2007

प्रेषक,

अवध किशोर,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 10 अगस्त, 2016

विषयः- संस्थान की 13वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1766, दिनांक 28.7.2016 एवं पत्र संख्या-1950, दिनांक 5.8.2016 के संदर्भ में उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की दिनांक 14.7.2016 को प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न वित्त समिति की 13वीं बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त को संलग्न कर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रकरण में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त। (मूलरूप में)

भवदीय,

( अवध किशोर )
अनु सचिव।

Accountant

12/08/2016.

532 GO-2016Rajpoot

**दिनांक 14/07/2016 को उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की 13 वीं वित्त समिति की बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों का विवरण।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>वित्त समिति<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | अध्यक्ष | 14/7 |
| 2 | विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित | |
| 3 | विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 6 | निदेशक,<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 7 | वित्त नियत्रंक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य | |
| 6 | निदेशक,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव | |

Scanned with OKEN Scanner

**उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की 13वीं वित्त समिति की बैठक दिनांक 14/07/2016 को प्रमुख सचिव कक्ष में सम्पन्न हुई। 13वीं बैठक मे उपस्थित हुये सदस्यों का विवरण।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मोनिका एस. गर्ग<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>एवं<br>अध्यक्ष,<br>वित्त समिति<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री ओ0पी0 द्विवेद्वी<br>विशेष सचिव, वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3 | डा0 डी0बी0 शाक्यवार<br>निदेशक,<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 4 | श्री विमल कुमार<br>वित्त नियत्रंक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 5 | डा0 डी0बी0 शाक्यवार<br>निदेशक,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |
| 6 | श्री शिवाकान्त द्विवेद्वी<br>विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित |

Scanned with OKEN Scanner

13.01 **वित्त समिति की दिनांक 05/06/2015 को सम्पन्न हुई 12 वीं बैठक की कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।**

13.02 **वित्त समिति की दिनांक 05/06/2015 को सम्पन्न हुई 12 बी बैठक में लिये गये निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का अवलोकन किया तथा निर्णय लिया कि स्टूडेन्ट मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर का कय 01 माह के अन्दर टेण्डर जारी कर कय कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये।

13.03 **वित्तीय वर्ष 2015–16 में वास्तविक आय–व्यय का विवरण।**

वित्तीय वर्ष 2015–16 में वास्तविक आय रू0 905.45 लाख के सापेक्ष रू0 834.13 लाख के व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा उसका अवलोकन किया गया तथा अपनी सहमति प्रदान की।

13.04 **वित्तीय वर्ष 2016–17 में शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि एवं संस्था की सम्भावित आय के सापेक्ष व्यय के विवरण पर विचार।**

वित्तीय वर्ष 2016–17 में शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि एवं संस्था की कुल आय रू0 3712.09 लाख के सापेक्ष रू0 3712.09 लाख का व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा समिति ने अपनी सहमति प्रदान की।

13.05 **मदवार व्यय पर व्याख्यात्मक टिप्पणियों पर विचार।**

समिति ने व्याख्यात्मक टिप्पणियों का अवलोकन किया किया तथा अपनी सहमति प्रदान की।

Scanned with OKEN Scanner

13.06 संस्थान के प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्वार के प्रस्ताव पर विचार।

उक्त प्रस्ताव का समिति ने अवलोकन किया तथा यह निर्णय लिया कि शासन से वृहद निर्माण मद में प्राप्त होने वाली रू0 55.00 लाख तथा संस्थान की आय रू0 45.00 लाख से ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा बनवाये जा रहे अधनिर्मित हॉस्टल को पूर्ण कराया जाय तत्पश्चात् ए0आई0सी0टी0ई0 से प्रतिपूर्ति के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि को आगामी वित्त समिति में रखते हुए उक्त प्रस्ताव पर पुनः अनुमोदन प्राप्त किया जाय।

13.07 निम्न मदों पर स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय पर कार्योत्तर स्वीकृति के प्रस्ताव पर विचार।

वित्तीय वर्ष 2015–16 में वेतन, विद्युत एवं मजदूरी मद में कुल रू0 39.80 लाख स्वीकृत धनराशि से अधिक व्यय का समिति ने अवलोकन किया तथा अपनी सहमति प्रदान की।

13.08 पी0एच0डी पाठ्यकम हेतु शुल्क के निर्धारण के प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने पी0एच0डी0 पाठ्यकम हेतु शुल्क निर्धारण के प्रस्ताव पर विचार किया तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 5000.00 तथा परीक्षा फीस रू0 5000.00 प्रति विषय शुल्क लिये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की।

13.09 मानदेय बढ़ाये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

संस्थान की प्रशासकीय परिषद्/वित्त समिति/चयन समिति के सदस्यों का मानदेय बढ़ाये जाने के प्रस्ताव का समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा रू0 1000.00 से बढ़ाकर रू0 2000.00 किये जाने पर अपनी सहमति व्यक्त की।

Scanned with OKEN Scanner

**13.10 बी0टेक प्रथम वर्ष एवं सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश पाये छात्र/छात्राओं की परीक्षा संस्थान स्तर पर कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान द्वारा इसी वर्ष से एकेडिमिक ऑटोनॉमी लागू करने हेतु, शासन को स्वतः पूर्ण प्रस्ताव प्रेषित किया जाए।

**13.11 मेस संचालन समिति द्वारा छात्रों से अग्रिम धनराशि लिये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

उक्त प्रस्ताव का समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा अपनी असहमति व्यक्त करते हुए पूर्व में चल रही व्यवस्था को ही जारी रखने का निर्देश दिया गया।

**13.12 अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से प्राप्त धनराशि से हॉस्टल निर्माण के प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि शासन से वृहद निर्माण मद में प्राप्त धनराशि रू0 55.00 लाख एवं संस्थान की बचत रू0 45.00 लाख से सर्वप्रथम अर्धनिर्मित हॉस्टल का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को अवगत कराते हुए अवशेष धनराशि की मांग की जाय।

13.13 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई प्रस्ताव पर विचार।

| | | |
|---|---|---|
| (डी0बी0शाक्यवार) | (ओ0पी0द्विवेद्वी) | (मोनिका एस गर्ग) |
| निदेशक | विशेष सचिव | प्रमुख सचिव |
| सदस्य सचिव | सदस्य वित्त विभाग | अध्यक्ष वित्त समिति |

Scanned with OKEN Scanner